विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

वार्षिक प्रतिवेदन

1987-88

1 जुलाई 1987 से 30 जून 1988 तक

प्रकाशक :

कुलसचिव, विक्रम विश्वविद्यालय

उज्जैन, मध्यप्रदेश

इकतीसवाँ
वार्षिक प्रतिवेदन
1987-88

NIEPA DC
D06007

-543
378.15506
VIK-V

110016
D-6007
Date 11-4-91

इकतीसवाँ

वार्षिक प्रतिवेदन

1987-88

(1 जुलाई, 1987 से 30 जून, 1988 तक)

प्रकाशक :

कुलसचिव

विक्रम विश्वविद्यालय

उज्जैन

मुद्रक :

विक्रम विश्वविद्यालय मुद्रणालय

उज्जैन

UNIVERSITY CREST

The Lions and the Rising Sun (which, together formed the crest of the great Vikramaditya) represent indomitable courage and the rising light of wisdom. The Book poised lightly on the petals of the lotus signifies the numerous branches of learning. The solhouette of the temple of Mahakaleshwara symbolises the sacred culture of the ancient city of Ujjain, the seat of the University.

The motto is "विद्ययाऽमृतमश्नुते".

अनुक्रमणिका

		पृष्ठ क्रमांक
1	प्रारम्भिक	1
2	अधिकारीगण	1
3	संकायाध्यक्ष	2
4	कार्य-परिषद्	3
5	बैठकें	4
6	मान्यता	5
7	अवकाश	6
8	प्रवेश	6
9	पुस्तकालय	7
10	विद्यार्थी कल्याण	8
11	विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एवम् मार्ग-दर्शन केन्द्र	9
12	राष्ट्रीय सेवा योजना	10
13	मुद्रणालय	21
14	प्रौढ़/सतत् शिक्षा एवम् विस्तार कार्यक्रम केन्द्र	22
15	सिन्धिया प्राच्य संस्थान	27
16	विकास योजनाएँ	28
17	शारीरिक शिक्षा एवम् खेलकूद	35
18	अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ	37
19	महाविद्यालय एवम् प्राध्ययन-केन्द्र	38
20	अनुसंधान	39
21	विश्वविद्यालय निर्माण विभाग	39

परिशिष्ट

1	वार्षिक आय-व्यय पत्रक वित्तीय वर्ष 1987-88 आय का सारांश	i
2	वार्षिक आय-व्यय पत्रक वित्तीय वर्ष 1987-88 व्यय का सारांश	iv
3	1987 की परीक्षाओं में स्वर्ण-पदक प्राप्तकर्ताओं की सूची	ix

		पृष्ठ क्रमांक
4	1987 की परीक्षाओं में रजत-पदक प्राप्तकर्ताओं की सूची	xiv
5	मार्च/अप्रैल 87-88 में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के लिए पंजीयित परीक्षार्थियों का संख्या-पत्रक	xviii
6	अन्तरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं के स्थान व परिणाम वर्ष 1987-88	xx
7	विभिन्न क्रीड़ा दलों की चयन समिति की सूची	xxiii
8	अन्तर-विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में भाग लेने बाबत जानकारी	xxvi
9	विक्रम विश्वविद्यालय के विभिन्न खेल दलों के प्रशिक्षण शिविर बाबत जानकारी वर्ष 1987-88	xxviii
10	अध्ययनशालाओं की जानकारी	xxix
11	सम्बद्ध महाविद्यालयों की जानकारी वर्ष 1987-88	xxxvi
12	वर्ष 1987-88 में पंजीयित शोधार्थियों की सूची	lvi
13	वर्ष 1987-88 में डी. लिट्. एवम् पीएच. डी. उपाधि प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की सूची	lxxiii

विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

30 जून, 1988 को समाप्त होने वाले वर्ष का

वार्षिक प्रतिवेदन

प्रारम्भिक

विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन विधान सभा के एक अधिनियम "मध्य-भारत" विक्रम विश्वविद्यालय अधिनियम, 1957 के द्वारा 1 मार्च, 1957 से अस्तित्व में आया। अब यह विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश के अन्य विश्व-विद्यालय के भाँति मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 से शासित होता है। विश्वविद्यालय का क्षेत्राधिकार 9 राजस्व जिलों तक फैला हुआ है। 71 महाविद्यालय विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है। इसके अति-रिक्त विश्वविद्यालय के स्वयं के 16 प्राध्ययन केन्द्र हैं।

विश्वविद्यालय के अधिकारीगण

1 परमश्रेष्ठ राज्यपाल, मध्यप्रदेश, प्रो. के. एम. चाण्डी, प्रतिवेदनाधीन अवधि तक इस विश्वविद्यालय के पदेन कुलाधिपति के पद पर आसीन रहे।

2 डॉ. डी आर. शर्मा, कुलपति के पद पर आसीन रहे।

3 श्री दयाशंकर गार्गव 5 जुलाई, 1987 तक कार्यवाहक कुलसचिव के पद पर आसीन रहे। कुलाधिपति के आदेश से श्री जी. एस. गौतम ने दिनांक 6 जुलाई, 1987 से कुलसचिव पद पर कार्यग्रहण किया। वे प्रतिवेदनाधीन अवधि तक कुलसचिव के पद पर आसीन रहे।

4 डॉ. एच एस. सभरवाल, प्रतिवेदनाधीन वर्ष में संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण के पद पर आसीन रहे।

5 निम्नलिखित अधिकारीगण विश्वविद्यालय के विभिन्न अधि-कारिक पदों पर आसीन रहे:—

अनुक्र.	नाम	पद
1	डॉ. पी. के. भट्टाचार्य	संचालक, प्रौढ़ शिक्षा
2	डॉ. पी. पी. वशिष्ठ	कार्यक्रम, समन्वयक
3	श्री के. बी. जोशी	उपकुलसचिव (विकास)
4	श्री एस. एस. शितूत	उपकुलसचिव (परीक्षा)
5	श्री एन. के त्रिवेदी	पुस्तकाध्यक्ष
6	श्री जी. एस. सिसौदिया	निर्देशक, शारीरिक शिक्षा
7	श्री के. एन. शर्मा	वित्त-अधिकारी
8	श्री एन. के. छापरवाल	सहायक कुलसचिव (परीक्षा))
9	श्री जी. आर. उपाध्याय	सहायक कुलसचिव (विकास)
10	श्री ओ. पी. तिवारी	सहायक यंत्री
11	श्री मनोज कुमार तिवारी	सहायक कुलसचिव (प्रशासन)
12	श्री राकेश चौहान	सहायक कुलसचिव (लेखा/ सांख्यिकी)
13	श्री आर. पी. यादव	उपनियंत्रक, मुद्रणालय
14	कुमारी जाह्नवी संत	सहायक पुस्तकाध्यक्ष
15	डॉ. ए. एच. खान	स्वास्थ्य-अधिकारी
16	श्री एम. एस. टकसाली	सहायक कुलसचिव (लेखा) (दिनांक 29-2-88 तक)

6 कुलाधिपति के आदेश से श्री एम एस. टकसाली, सहायक कुलसचिव, 29-2-88 को अधिवार्षिकी आयु प्राप्त करने के कारण सेवा निवृत्त हुए ।

संकायाध्यक्ष

विश्वविद्यालय में नौ संकाय हैं, नामतः कला, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, जीव विज्ञान, वाणिज्य, विधि, शिक्षा, यांत्रिकी एवम् आयुर्वेद । प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निम्नलिखित व्यक्ति संकायाध्यक्ष रहे—

कला संकाय —

1 प्रो. एस. एन. रथ (दिनांक 6-4-88 तक)
आचार्य, संस्कृत अ.शा., वि. वि., उज्जैन ।

2 डॉ एस. एस पाठक (दिनांक 21-4-88 से)
आचार्य, हिन्दी अ. शा., वि. वि उज्जैन ।

सामाजिक विज्ञान—

1 डॉ. आर एम. गायल, (दिनांक 31-5-88 तक)
आचार्य, अर्थशास्त्र अ. शा, वि वि., उज्जैन ।

विज्ञान—

डॉ. एस. सी. भाण्ड, आचार्य, भौतिकी अ. शा.
विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ।

जीव विज्ञान—

1 डॉ पी. एस. दुबे (दिनांक 6-4-88 तक)
आचार्य वनस्पति अ. शा. वि. वि., उज्जैन ।

2 डॉ बी पी. सिंह, (दिनांक 21-4-88 से)
आचार्य, वनस्पति अ. शा., वि. वि., उज्जैन ।

वाणिज्य—

डॉ एम. एल. कोठारी, आचार्य, व्यवसाय प्रबन्ध
विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ।

विधि

श्री ईश्वरलाल व्यास, प्राचार्य, नगरपालिका
विधि महाविद्यालय, रतलाम ।

यांत्रिकी

डॉ. एस. [redacted] मिश्राल, आचार्य, रसायन शास्त्र,
शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, उज्जैन ।

शिक्षा —

श्री आर. सी. गुप्ता, आचार्य,
शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, उज्जैन ।

आयुर्वेद—

डॉ. मेवालाल ठगेले, आचार्य,
धनवन्तरि महाविद्यालय, उज्जैन ।

कार्य-परिषद्

मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय की अधिनियम की धारा 23 (1) के अधीन कार्य-परिषद् का गठन निम्नानुसार रहा—

धारा (1) (एक)

डॉ. डी. आर. शर्मा,
कुलपति—अध्यक्ष

धारा 23 (1) (दो)

1 डॉ. आर. एम. गोयल (31-5-88 तक)
2 श्री ईश्वरलाल व्यास
3 प्रो. श्रीनिवास रथ (दिनांक 6-4-88 तक)
4 डॉ. पी. एस. दुबे (दिनांक 6-4-88 तक)
5 डॉ. एस. सी. भाण्ड (दिनांक 25-4-88 से)
6 डॉ. एस. एच. मिशाल (दिनांक 25-4-88 से)

धारा 23 (1) (तीन)

1 श्री बमशंकर जोशी
2 श्री वीरेन्द्रसिंह सिसौदिया
3 श्री राजेश मेहता

धारा 23 (1) (चार)

1 डॉ. जी. एन. जौहरी
2 डॉ. एम. पी. वर्मा

धारा (1) (पांच)

1 श्री एस. वी. केलकर
2 श्री एस. एन. शर्मा
3 श्री आर. वी. रमनराव
4 डॉ. पी. के. देशमुख

धारा 23 (1) (छः)

1 सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल ।

धारा 23 (1) (सात)

1 सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, भोपाल ।

धारा 23 (1) (आठ)

1 श्री महावीर प्रसाद वशिष्ठ
2 श्री आर. एन. वाजपेयी

बैठकें

प्रतिवेदनान्तर्गत वर्ष में कार्य-परिषद् की निम्नांकित तिथियों में 10 बैठकें आयोजित की गई—

30-7-87, 31-8-87, 28-9-87, 31-10-87, 5-12-87, 2-1-88, 6-2-88, 28-3-88, 30-4-88, 26-5-88 ।

विश्वविद्यालय की सभा की बैठक दिनांक 30-4-88 को आयोजित की गई एवं विद्या-परिषद् की एक बैठक दिनांक 30-6-88 को सम्पन्न हुई।

मान्यता :

प्रतिवेदनान्तर्गत वर्ष 1987–88 में निम्नांकित विश्वविद्यालयों/मण्डलों/संस्थाओं की विभिन्न परीक्षाओं को मान्यता प्रदान की गई—

क्रमांक	विश्वविद्यालय/मण्डल/ संस्था का नाम तथा परीक्षा का नाम	इस विश्वविद्यालय की परीक्षा का नाम जिसके समकक्ष मान्यता प्रदान की गई
1	2	3
1	कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र	
	एम. एससी (रसायन, भौतिकी, प्राणिकी, गणित एवं सांख्यिकी)	एम. एससी (रसायन, भौतिकी वनस्पति, प्राणिकी, गणित सांख्यिकी
2	अन्नामलई विश्वविद्यालय, अन्नामलई	
	एम. एससी (वनस्पति)	एम. एससी. (वनस्पति)
3	न्यूयार्क, सेण्ट जोहन्स एण्ड हवाई, वि. वि. यू. एस. ए.	
	एम. बी. ए.	एम. कॉम. मैनेजमेंट
4	न्यूयार्क सेण्ट जोहन्स एण्ड हवाई, वि. वि., (यू. एस. ए.) और डी. बी. ए., वि. वि. कोलोराडो, (यू. एस. ए.)	
	डी. बी. ए.	पीएच. डी.
5	देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर	
	एम. बी. ए.	एम. कॉम. मैनेजमेंट
6	इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी, बम्बई, नई दिल्ली, खड़गपुर, मद्रास, कानपुर	
	बी. ई. एवं एम. ई.	बी. ई. एवं एम. ई.
7	इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ साईंस, बैंगलोर	
	बी. ई. एवं एम. ई.	बी. ई. एवं एम. ई.
8	रुरकी विश्वविद्यालय, रुरकी	
	बी. ई. एवं एम. ई.	बी. ई. एवं एम. ई.

क्रमांक	विश्वविद्यालय/मण्डल संस्था का नाम तथा परीक्षा का नाम	इस विश्वविद्यालय की परीक्षा का नाम जिसके समकक्ष मान्यता प्रदान की गई
1	2	3
9	साऊथ गुजरात विश्वविद्यालय, सूरत बी. ई. एवं एम. ई.	बी. ई. एवं एम. ई.
10	म. प्र. तकनीकी शिक्षा मण्डल, भोपाल त्रिवर्षीय डिप्लोमा इन केमिकल, टेलीकम्युनिकेशन, इलेक्ट्रानिक्स	त्रिवर्षीय स्नातक भाग-1 के समकक्ष
11	दयालबाग एज्यूकेशन इंस्टीट्यूट, दयालबाग बी. एससी. एवं एम. एससी.	बी. एससी. एवं एम. एससी.
12	राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर शास्त्री	एम. ए पूर्वाधि, संस्कृत में प्रवेश हेतु

अवकाश

शैक्षणिक वर्ष, 1987-88 हेतु विक्रम विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/प्राध्ययन केन्द्रों में अवकाश की निम्नलिखित तिथियाँ घोषित की गई—

1	दीपावली अवकाश	11 अक्टूबर, 1987 से 25 अक्टूबर, 1987 तक
2	शीतकालीन अवकाश	25 दिसम्बर, 1987 से 31 दिसम्बर, 1987 तक
3	ग्रीष्मकालीन अवकाश	16 मई, 1988 से 15 जुलाई, 1988 तक

प्रवेश

सत्र 1987-88 के लिए विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं अध्ययनशालाओं में विद्यार्थियों के प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 1987 निर्धारित की गई थी। इसके अतिरिक्त अध्यादेश क्रमांक7 के चरण के अन्तर्गत विशेष रूप से 14 अगस्त तक प्राचार्यों को प्रवेश सम्बन्धी प्रकरणों पर निर्णय लेने हेतु कुलपतिजी द्वारा अधिकृत किया गया।

विश्वविद्यालय में महाविद्यालय एवम् अध्ययनशालाओं में प्रवेश राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रसारित मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अनुसार दिया जाता है। प्रवेश देते समय अनुसूचित जाति/जनजाति के विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, रा. से. योजना के स्वयंसेवकों, विकलांगों आदि को आरक्षण का लाभ दिया जाता है।

पुस्तकालय

वर्ष 1987–88 में कुल 803 पुस्तकें क्रय की गई। क्रय की गई पुस्तकों के अतिरिक्त 190 पुस्तकें भेंट स्वरूप विभिन्न स्रोत से प्राप्त हुई हैं। इस प्रकार पर्यवेक्षणाधीन वर्ष में पुस्तकों की संख्या गत वर्ष की संख्या 1,19,654 से बढ़कर कुल 1,20,647 हो गई है। पत्र-पत्रिकाओं के चन्दे के सन्दर्भ में विदेशी पत्र-पत्रिकाओं को चन्दा सीधे मे. स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन, दिल्ली एवं भारतीय पत्र-पत्रिकाओं का चन्दा सीधे भारतीय प्रकाशकों को दिया गया है। इस प्रकार कुल 506 पत्र-पत्रिकाओं के चन्दे का भुगतान किया गया।

वर्ष 1987–88 की अवधि में पुस्तकों के आदान-प्रदान की संख्या 28937 रही। पुस्तकालय की सदस्यता विभिन्न वर्ग के पाठकों को मिलाकर कुल 2399 थी जिसका विवरण निम्नानुसार है—

शिक्षक	416
अध्यापकेतर कर्मचारी	279
विद्यार्थी	698
पब्लिक मेम्बर	180
शोधार्थी	263
कन्सलटेशन सदस्य	373
अन्य	190
	2399

अन्तर पुस्तकालयीन आदान-प्रदान सेवा के अन्तर्गत इस पुस्तकालय द्वारा अन्य विश्वविद्यालय पुस्तकालयों से तथा शैक्षणिक संस्थाओं से 22 पुस्तकें तथा शोध-ग्रन्थ उधार के रूप में मँगवाए गए तथा इस पुस्तकालय से अन्य विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थाओं को 18 पुस्तकें एवं शोध ग्रन्थ उधार के रूप में भेजे गए।

अन्य विश्वविद्यालयों तथा शैक्षणिक संस्थाओं से यहाँ आकर पुस्तकालय में उपलब्ध साहित्य का उपयोग करने वाले पाठकों की संख्या 18 रही। पुस्तकालय में उपलब्ध शोध-प्रबन्धों में से 1651 शोध-प्रबन्धों का उपयोग भी पाठकों द्वारा किया गया।

विद्यार्थी कल्याण विभाग

विक्रम विश्वविद्यालय विद्यार्थी संघ के निर्वाचन की पद्धति में इस वर्ष आमूल परिवर्तन हुआ है। म. प्र. शासन के निर्णयानुसार छात्र संघ का अध्यादेश क्रमांक 1 व 2 निरस्त किया गया है तथा महाविद्यालय में मेरिट आधार पर नामांकित कर छात्रसंघों का गठन किया गया।

युवा-उत्सव—87

युवा-वर्ष के उपलक्ष में दिनांक 12 व 13 दिसम्बर, 87 को अन्तर-महाविद्यालयीन युवा-उत्सव सांस्कृतिक स्पर्धाओं के रूप में आयोजित किया गया। नौ विभिन्न महाविद्यालयों के विजयी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से श्रेष्ठता के आधार पर चुने हुए निम्नांकित विद्यार्थियों का दल राज्यस्तरीय युवा-उत्सव (इन्दौर) में सम्मिलित होने के लिये चुना गया—

1 एकल नृत्य— प्रथम कु. पल्लवी यादव (शा. कन्या महा., उज्जैन) जिला उज्जैन

2 समूह नृत्य— प्रथम (शा. कन्या महा., उज्जैन), जिला झाबुआ

3 समूह गान — प्रथम (शा. कन्या महा., उज्जैन), जिला उज्जैन

4 नाटक— प्रथम (शा. महा., नीमच), जिला मन्दसौर

5 चित्रकला— प्रथम श्री राजेश जोशी (कु. प. शा. महा. देवास), जिला देवास

6 रचनात्मक लेखन प्रथम कु. सुनीता जैन (शा. महा., अंजड़), जिला खरगौन

7 वादविवाद प्रथम श्री मुकेश जैन (पक्ष)
प्रथम कु अर्चना संबत्सर (विपक्ष) (शा. विधि महा., रतलाम), जिला रतलाम

8 परिचर्चा प्रथम श्री देवेन्द्र आप्टे (शा. महा., रतलाम), जिला रतलाम

9 पश्नमंच— प्रथम श्री शक्तिसिंह
प्रथम श्री विजय वर्मा (शा. महा., नीमच), जिला मन्दसौर

तामिलनाडु के मुख्यमंत्री श्री रामचन्द्रन के देहावसान के कारण राज्यस्तरीय अन्तर्विश्वविद्यालयीन युवा-उत्सव, 87 इन्दौर में सम्पन्न नहीं हो सका।

विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एवम् मार्गदर्शन केन्द्र

मध्यप्रदेश शासन तथा विश्वविद्यालय के सहयोग से दिनांक 1-3-62 को स्थापित इस रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र का प्रमुख उद्देश्य विश्वविद्यालयीन छात्रों तथा रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों को शिक्षा, प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति-अधिवृत्ति, रोजगार-स्वत: रोजगार विषयक सूचना तथा निर्देशन सहायता के साथ-साथ व्यवहार जगत की गतिविधियों से अवगत कराते हुए उपयुक्त व्यवसाय चयन तथा तैयारी प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करना है। इस केन्द्र में व्यावसायिक तथा प्रशासकीय स्तर के अभ्यर्थियों का पंजीयन किया जाता है, जिन्होंने या तो प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की हो या कोई व्यावसायिक स्नातक उपाधि पाई हो। समय-समय पर नियोजकों द्वारा अधिसूचित रिक्त पदों के सन्दर्भ में पंजीयत अभ्यर्थियों का नियमानुसार प्रस्तुतीकरण भी किया जाता है।

दिनांक 1-7-87 से 30-6-88 की अवधि में इस केन्द्र में 285 अभ्यर्थियों का पंजीयन किया गया। 30-6-88 को केन्द्र की जीवित पंजी पर कुल 945 उम्मीदवार उपलब्ध रहे जिसमें 187 महिलाएँ भी सम्मिलित थीं। 161 अभ्यर्थियों को रिक्त पदों की मांग के सन्दर्भ में प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदनीय अवधि में कुल 24 रिक्त स्थानों की अधिसूचनाएँ प्राप्त हुई थीं।

आलोच्य अवधि में 149 अभ्यर्थियों को पंजीयन करते समय व्यावसायिक मार्गदर्शन दिया गया। इस केन्द्र में 14 समूह परिचर्चाएँ आयोजित की गई, जिसमें अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रकार के अवसरों, प्रशिक्षण सुविधाओं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी गई। 678 को व्यक्तिगत सूचना दी गई। 910 अभ्यर्थियों ने केन्द्र के व्यावसायिक सूचना कक्ष में भेंट देकर प्रदर्शित जानकारियों का लाभ उठाया। सूचना-कक्ष में पर्याप्त मात्रा में केरियर साहित्य प्रदर्शित किया जाता है।

रोजगार अधिकारी द्वारा आलोच्य अवधि में नियोजकों तथा शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यों से कुल 92 सम्पर्क स्थापित किये गये।

5 महाविद्यालयों तथा अध्ययनशालाओं में 'अपना व्यवसाय चुनिये', 'अपने मालिक स्वयं बनें' तथा 'प्रतियोगिता परीक्षाओं के माध्यम से केरियर' आदि विभिन्न विषयों पर व्यावसायिक मार्गदर्शन वार्ताएँ दी गई और केरियर साहित्य का वितरण भी किया गया।

केन्द्र द्वारा आलोच्य अवधि में 12 मासिक बुलेटिन प्रकाशित किये गये, जिनमें रोजगार के अवसरों, शिक्षण-प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति, शिष्यवृत्ति, प्रवेश, परीक्षा तथा अन्य उपयोगी जानकारियों का समावेश किया गया ।। इस केन्द्र द्वारा प्रकाशित माह जनवरी, 1988 के मासिक बुलेटिन की संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, मध्यप्रदेश जबलपुर द्वारा सराहना की गई थी ।

राष्ट्रीय सेवा योजना

इस वर्ष राज्य शासन द्वारा रासेयो छात्र संख्या 5400 से बढ़ाकर 6200 कर दी गई है । रासेयो युक्त महाविद्यालयों की संख्या 43 से बढ़कर 47 हो गई है एवम् इकाई संख्या 58 से बढ़कर 65 हो गई है । महाविद्यालयों द्वारा आवण्टित छात्र संख्या के विरुद्ध 6443 छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया है ।

दीर्घकालीन शिविर

ग्रीष्मावकाश में ग्राम मावता, जिला रतलाम में दिनांक 15 मई से 14 जून, 1987 तक विश्वविद्यालय स्तरीय अन्तर महाविद्यालयीन ग्रामीण विकास एवं जन-जागरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें इस विश्वविद्यालय क्षेत्र के 12 रासेयोयुक्त महाविद्यालयों के 41 छात्रों, 10 गैर छात्रों एवं 12 अधिकारियों ने भाग लिया । इस शिविर में विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया गया, जिसमें मुख्यतः पेयजल समस्या का निदान, कुओं की सफाई, अतिक्रमण हटाकर ग्रामीण मार्ग चौड़े करना लोक अदालत का आयोजन, प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम, पर्यावरण सुधार एवं गन्दगी एवं बीमारी उन्मूलन कार्यक्रमों का आयोजन इस शिविर की मुख्य उपलब्धि यह युवा जोड़ों की गलतफहमी दूर करना पारिवारिक मतभेदों से अलग रह रहे युवा जोड़ो की गलतफहमी दूर की गई एवम् उनकी पत्नियों ने "आजाद रजिस्ट्री" करा ली । इस प्रकार की रजिस्ट्री का कानून में कोई प्रावधान नही था । रासेयो छात्रों ने लोगों की गलतफहमी दूर कर पुनः मिलाया, इसमें ग्राम रणायरा में दो जोड़ों को, ग्राम मावता में दो जोड़ों को मिलाकर शिविरार्थियों ने सौहार्दपूर्ण कार्य किया ।

वृक्षारोपण शिविर

इस वर्ष माह अगस्त व सितम्बर में वृक्षारोपण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 28 महाविद्यालयों के 1262 छात्रों, 223 छात्राओं एवं 113 शिक्षकों इस प्रकार कुल 1603 शिविरार्थियों ने सम्मिलित

होकर 29137 पौधों का रोपण किया एवं गड्ढे खोदे, पूर्व रोपित पौधों की निराई, गुड़ाई व सिंचाई की। शा. महाविद्यालय, रामपुरा को पिछले वर्ष वृक्षारोपण हेतु जिलाधीश द्वारा पदक प्रदान किया गया था। इस वर्ष इस महाविद्यालय के छात्रों द्वारा पूर्व में रोपित पौधों से वन विभाग द्वारा करीब 40,000/- रुपये की वनोषधि बेची गई। शा. महाविद्यालय, देवास को छात्रवन हेतु जिलाधीश द्वारा 2.5 हेक्टेयर भूमि ग्राम जेतपुरा में प्रदान की एवम् उसकी फेंसिंग हेतु रुपये 12,000/- का अनुदान स्वीकृत किया। स्थानीय रासेयोयुक्त महाविद्यालय के छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रक्षेत्र में 980 पौधों का रोपण किया एवं समय-समय पर इन पौधों की उचित देखभाल एवं निराई-गुड़ाई आदि कार्य किया।

वृक्षगंगा सायकल रैली

इस वर्ष माह सितम्बर में 27 रासेयोयुक्त महाविद्यालयों द्वारा वृक्षगंगा सायकल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें 1267 छात्रों, 127 छात्राओं, 29 गैर छात्रों, 57 प्राध्यापकों इस प्रकार कुल 1479 शिविरार्थियों ने भाग लेकर 10,453 पौधे रोपित किये। नगर में रैलियाँ निकाली एवं ग्रामीणों को वृक्षों के महत्त्व व प्रदूषण के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

दस दिवसीय विशेष शिविर

माह अक्टूबर एवं दिसम्बर में 40 रासेयोयुक्त महाविद्यालयों द्वारा दस दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 1872 शिविरार्थियों ने भाग लेकर ग्रामीण पुनरुत्थान के कार्य किये, महाविद्यालयों द्वारा अर्जित मुख्य उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं—

1 *शासकीय महाविद्यालय, भाबुआ*

ग्राम बाघलाघाट में आयोजित शिविर में छात्रों द्वारा पशुओं के पेय-जल हेतु दो बड़े नालों पर स्टाप डेम बनाये गये। 2 कि. मी. लम्बी सड़क को सुधारा गया। आवासहीनों के लिये चार आवासकुटीर बनाने में श्रमदान किया। सामुदायिक भवन की नींव भी खोदी गई। प्राथमिक शाला जिसमें 113 विद्यार्थी पढ़ते थे का जीर्णोद्धार किया। तीन ग्रामों के 119 परिवारों का सर्वेक्षण किया। 62 रोगियों और 18 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयाँ वितरित की गई। आदिवासी घरों के लिये एक बत्ती कनेक्शन की स्वीकृति प्राप्त की। इस ग्राम के ग्रामीणों ने जीवन में प्रथम बार फिल्म देखी। सोमला बिला भीला नाम का ग्रामीण 6 माह से बीमार था एवं इंजेक्शन से घबरा रहा था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

2 *शासकीय महाविद्यालय, धार*

रासेयो छात्रों द्वारा ग्राम तिरला में निचली बस्ती प्रेमनगर में गाजर घास, गोखरू आदि कांटेदार वृक्षों की साफ-सफाई की गई। लगभग 1 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र की एक हजार फीट लम्बे व 15 फीट चौड़े मार्ग का निर्माण किया गया साथ-ही मार्ग के दोनों ओर डेढ़ फीट चौड़ी व दो फीट गहरी नाली की खुदाई की गई। 50 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

3 *शासकीय महाविद्यालय, शुजालपुर*

छात्रों द्वारा ग्राम हडलाय खुर्द में 2 फीट चौड़ी, डेढ़ फीट गहरी 1 लम्बी नाली का निर्माण कर करीब 9504 घनफीट मिट्टी खोदी। 112 परिवारों का आर्थिक सर्वेक्षण किया गया। दो कम्पोस्ट खाद के गड्ढों का निर्माण किया।

4 *शासकीय महाविद्यालय, नीमच*

इस इकाई द्वारा ग्राम बरखेड़ा में तालाब के 40 फीट लम्बे 5 फीट चौड़े तथा 4 फीट ऊँचे टूटे हिस्से का पुनः निर्माण किया गया। स्कूली छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ग्राम का सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण किया गया।

5 *शासकीय महाविद्यालय, सोनकच्छ*

ग्राम इकलेरा माताजी में ग्राम को तीन तरफ से नालों ने घेर रखा है व ग्राम ऊँचे टिकड़े पर बसा है अतः ग्राम के एक ओर 565 फीट लम्बी व 12 फीट चौड़ी एवं 1 फीट ऊँची डब्ल्यू. बी. एम. सड़क का निर्माण किया। 75 फीट लम्बी 5 फीट चौड़ी गली का पत्थर, बोल्डर व मुरम डालकर निर्माण किया गया। ग्राम में अतिक्रमण हटाकर सड़क को चौड़ा किया। 27 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया व तीन सर्वाधिक स्वस्थ्य को स्टील बर्तन पुरस्कार स्वरूप वितरित किए। 90 व्यक्तियों को परिवार कल्याण आपरेशन हेतु तैयार किया। हैण्डपम्प के आसपास 10 × 10 फीट जगह में दलदल का भराव कर पक्की पट्टी व नाली का निर्माण किया।

6 *शासकीय महाविद्यालय, खरगोन*

छात्रों द्वारा ग्राम भगवानपुरा में दो नालों पर कच्चे स्टाप डेम का निर्माण किया। इस कार्य में उन्होंने 2027 घनफीट मिट्टी खोद कर डेम

स्थल पर डाली ($17 \times 1\frac{1}{2} \times 1\frac{1}{2}$ मीटर व $11 \times 1\frac{1}{2} \times 1$ मीटर का) विद्यालय मैदान के किनारे $1\frac{1}{2} \times 2$ फीट की 130 मीटर लम्बी नाली का निर्माण किया व खेल मैदान का समतलीकरण किया। देजला–देवड़ा बांध परियोजना की ओर से उल्लेखनीय कार्यों के कारण शिविरार्थियों को स्थाई शील्ड की घोषणा की जो 26 जनवरी, 1988 को माननीय मंत्री श्री भारतसिंह ने प्राचार्य महोदय को प्रदान की। इस शिविर में दो सोखता गड्ढों का निर्माण किया। 750 पौधों को रोपित किया। 25 निराश्रितों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाई। 22 आदिवासी परिवारों को आय. आर. डी. पी. के अन्तर्गत बैल जोड़ी व भैंसे दिलाई। 8 किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध करवाया। छात्र श्री सुरेश शर्मा द्वारा छात्रों को 10 योगासनों का प्रशिक्षण दिया गया।

7 *शासकीय महाविद्यालय, बड़नगर*

ग्राम धोतरू में 5400 घनफीट मिट्टी डालकर 150 फीट लम्बी सड़क का निर्माण किया। ग्राम से कुछ दूरी पर बिखरी एवं गड़ी हुई मूर्तियां एकत्रित की जो की करीब 800 से 1000 वर्ष तक पुरानी पाई गई। प्राप्त मूर्तियों के आधार पर ग्राम की खुदाई की गई जिसमें प्राप्त अवशेषों से पता चला कि यह ग्राम करीब 2500 वर्ष पुराना है।

8 *शासकीय महाविद्यालय, मण्डलेश्वर*

ग्राम सोमाखेड़ी में आयोजित शिविर में 1900 फीट नालियों की सफाई की गई। नाली निर्माण तथा ग्राम सफाई का कार्य किया। 300 मीटर लम्बी व 5 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया। 500 गड्ढे खोद कर पौधे रोपें। आई. आर. डी. पी. में 9 हितग्राहियों को रु. 32,000/– के ऋण स्वीकृत कराये। 12 हरिजन आदिवासियों को एक बत्ती कनेक्शन स्वीकृत कराये।

9 *शासकीय महाविद्यालय, देवास*

ग्राम जैतपुरा में छात्रवन विकसित करने हेतु प्राप्त भूखण्ड पर आस-पास 1500 फीट लम्बी $2\frac{1}{2}$ फीट चौड़ी व $2\frac{1}{2}$ फीट गहरी नालियों का निर्माण किया। 20 फीट लम्बी दो नालियों का निर्माण किया। मादक द्रव्य सेवक सर्वे, व्यावसायिक सर्वे, परिवार सर्वे, कल्याण सर्वे, भूमिहीन लोगों का सर्वे, सामाजिक बानकी सर्वे आदि कार्य किये। 200 निर्धूम चूल्हे गरीब ग्रामीणों के घर लगाये गये।

10 *शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम*

ग्राम मेजावता में 200 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरित की गई। 235 बच्चों को बी. सी. जी. के टीके लगाये, 18 बच्चों को पोलियो का प्रथम डोज दिया गया। 29 मलेरिया के रोगियों की रक्त पट्टिकायें तैयार कर दवाईयाँ दी गई। 8×8×5 के 6 सोखता गड्ढों का निर्माण किया। परिवार कल्याण कार्यक्रम की लक्ष्यपूर्ति हेतु प्रशासन तथा जिला चिकित्सालय, रतलाम की ओर से रुपये 20,000–00 ग्राम पंचायत को पुरस्कार की घोषणा की व प्रशासन द्वारा अन्य रुपये 20,000–00 की राशि स्वीकृत कर रुपये 40,000–00 की राशि से ग्राम में नालियों व खरंजा निर्माण हेतु स्वीकृत किये गये। दो निर्धन विकलांगों को प्रशासन की ओर से ट्राईसिकल प्रदान की गई।

11 *शासकीय महाविद्यालय, नरसिंहगढ़*

ग्राम आन्दनहेड़ा में 2 कि. मी. लम्बी व 15 फीट चौड़ी कच्ची सड़क बनाई। स्कूल में खेल मैदान का निर्माण किया। पौधों की सिंचाई की गई। हैण्डपम्प व कुओं के आसपास की सफाई की। आई. आर डी. पी. व सामाजिक सुरक्षा पेंशन की जानकारी दी गई।

12 *शासकीय महाविद्यालय, जावरा*

छात्रों द्वारा ग्राम रणायरा में 1½ कि. मी. लम्बी व 20 फीट चौड़ी सड़क पर अर्थवर्क किया गया। 2 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र प्रतिदिन चलाये, जिसमें 15 व 12 प्रौढ़ों को पढ़ाया गया। हैण्डपम्प पर 70 फीट लम्बी नालियाँ बनाई। स्कूल प्रांगण में 15 वृक्षों का रोपण किया व 7 वृक्षों की फैंसिंग की। 70 फीट लम्बा व तीस फीट चौड़ा व्हालीवाल्ल मैदान बनाया। लोक अदालत द्वारा तीन दम्पत्तियों के झगड़े निपटाये गये। पंचायत भवन के पास मूत्रालय का निर्माण किया गया। कम्पोस्ट खाद के 3 गड्ढों का निर्माण किया गया।

13 *शासकीय महाविद्यालय, खाचरौद*

छात्रों द्वारा ग्राम आवया जागीर में दो कि. मी. लम्बे मार्ग का चौड़ीकरण कर मुरत बिछाकर समतल किया गया। ग्राम का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण किया गया। छः हैण्डपम्प के आसपास भराव व नाली निर्माण किया गया।

14 *शासकीय वाणिज्य महाविद्यालय, रतलाम*

ग्राम मऊ में 20 × 20 × 4 फीट का एक मंच बनाया गया। एक पुलिया का पुनः निर्माण किया गया। 40 पौधे रोपित किये गये। पाठशाला के मैदान पर 400 घनफीट मिट्टी खोद कर खेल मैदान बनाया गया।

15 *शासकीय महाविद्यालय, रामपुरा*

ग्राम अमरपुरा में तलाई के टूटे हुए 7500 घनफीट के हिस्से पर नीव खोदकर 259.3 घनमीटर पाल बनाई जो कि एक असम्भव कार्य लगता था। प्राथमिक शाला के सामने 175 × 4 मीटर सड़क का निर्माण किया गया। एक कम्पोस्ट खाद का गड्ढा 10 × 5 × 2½ फीट का बनाया। एक सोख्ता गड्ढा 3 × 5 × 4 फीट हेण्ड पम्प के पास बनाया।

16 *शासकीय पौलीटेकनिक, जावरा*

ग्राम बडायला (सरवन) में 900 फीट लम्बी व 20 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण किया। 400 फीट लम्बी, 1 फीट चौड़ी व 1 फीट गहरी नाली का निर्माण किया। खाद के गड्ढे का निर्माण किया। एक प्रकरण लोक अदालत के माध्यम से निपटाया। 12 अल्प बचत खाते खुलवाये। 10 गरीब छात्र छात्राओं को स्लेट का वितरण किया। 28 रोगियों का परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाई दी।

17 *शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रतलाम*

इस इकाई के छात्रों ने ग्राम ईसरथुनी में तिस्तारी तालाब को गहरा एवं चौड़ा करने के लिये 2700 घनफीट मिट्टी खोदकर तालाब के पाल पर डाली गई। इस कार्य से प्रसन्न होकर सरपंच श्री रावसिंह ने शिविरार्थियों को एक-एक ग्लास एवं स्टील प्लेट से पुरस्कृत किया।

18 *शासकीय महाविद्यालय, जोबट*

रासेयो छात्रों ने इस शिविर में छात्रावास को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिये 3036 घनफीट बोल्डर मुरम का भराव किया। आदिवासी छात्रों को खेलने के लिये मैदान बनाया। इस कार्य में 24190 घनफीट बोल्डर एवं मुरम का भराव किया गया।

19 *शासकीय महाविद्यालय, मनावर*

ग्राम बड़दा मे दस दिवसीय शिविर के दौरान एक महत्त्वपूर्ण मार्ग पर अतिक्रमण हटाकर चौड़ा किया जाना था। प्रभावशाली ग्रामीण

इंदरसिंह के कारण पंचायत यह कार्य वर्षों से नहीं करा पा रही थी। छात्रों ने आपसी चर्चाओं से अतिक्रमण हटाकर 20 फीट × 6000 फीट चौड़ी सड़क पर करीब 10,000 घनफीट मिट्टी का भराव किया गया।

20 *शासकीय महाविद्यालय, मेघवा*

ग्राम धवली में आयोजित दस दिवसीय शिविर में नेत्र शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 12 व्यक्तियों की शल्य चिकित्सा की गई॥ रोगी एवम् उसके साथी के 13-10-87 से 18-10-87 तक निःशुल्क भोजन, दवाईयां प्रदान की गई एवं सभी रोगियों को चश्में प्रदान किये गये॥ 98 व्यक्तियों का नेत्र परीक्षण किया गया।

नियमित गतिविधियां

1 **माधव महाविद्यालय, उज्जैन**

सघन साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 35 रासेयो छात्रों ने 35 व्यक्तियों को साक्षर बनाया। दिशा-निर्देशन कार्यक्रम। ग्राम दताना-मताना में रासेयो छात्रों द्वारा ग्राम सम्पर्क, बाल दिवस का आयोजन, हामूखेड़ी कुष्ठधाम में श्रमदान एवं नगर रैली, नेत्रदान हेतु छात्रों से सम्पर्क तथा 73 घोषणा-पत्र भरवाये गये। युवा-सप्ताह का आयोजना, शहीद-दिवस पर श्रद्धांजलि एवं महाविद्यालय परिसर में श्रमदान, विश्व-विद्यालय के नवीन भवन में रासेयो छात्रों द्वारा रोपित पौधों को पानी पिलाना एवं संरक्षण आदि कार्य किये गये।

2 **माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन**

25 छात्रों में 30 व्यक्तियों को साक्षर बनाया। महाविद्यालय प्रांगण की सफाई, विवेकानन्द वाटिका का रख-रखाव, अपंग सेवाश्रम की सफाई, बगीचे की सफाई, शहर के जिला चिकित्सालय में मरीजों की सेवा के लिए सप्ताह में तीन दिन छात्र जाते एवं मरीजों की सेवा करते रहे। शहर की पिछड़ी बस्ती क्षेत्र दगदमा एवम् आस-पास के क्षेत्रों का सर्वे कार्य। नेत्र शिविरों में छात्रों द्वारा योगदान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान समारोह का आयोजन एवं सर्वेक्षण के कार्य किये गये।

3 **शासकीय कन्या महाविद्यालय, उज्जैन**

माह नवम्बर में एक व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर 5 रासेयो छात्राओं ने रक्त परीक्षण करवाकर एवं छात्रा ने रक्तदान किया। 93 छात्राओं ने रेडक्रास के सहयोग से 'परिचारिका' प्रशिक्षण प्राप्त किया।

गन्दी बस्तियों की सफाई, महाविद्यालय प्रांगण की समय-समय पर सफाई की गयी। महिला/सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम। महाविद्यालय की सजावट का कार्य रासेयो छात्राओं के सहयोग से किया गया। युवा-सप्ताह एवं रासेयो-दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

4 शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, उज्जैन

इकाई द्वारा अन्धे व्यक्तियों की सहायतार्थ 110 रुपये एकत्रित किये गये। छात्र-छात्राओं से नेत्रदान के घोषणा-पत्र भरवाये गये। गणतंत्र दिवस परेड के लिए रासेयो छात्र श्री अजय कीर्ति जैन का चयन किया गया। गोद लिये ग्राम रलायता भोजा में स्वास्थ्य सुविधा एवं जन-समस्याओं के निराकरण के लिए उपाय किये गये। महाविद्यालय परिसर में वनौषधि उद्यान का विकास एवं स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगाँठ पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

5 शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन

युवा-सप्ताह तथा रासेयो दिवस का आयोजन किया गया। इसमें श्रमदान के महत्त्व पर चर्चा एवं क्लासरूम सफाई प्रतियोगिता का कक्षावार आयोजन किया गया। सत्रारम्भ में रासेयो छात्राओं को दिशा-निर्देश, महाविद्यालय में क्राफ्ट प्रदर्शनी एवं स्वनिर्मित खाद्य-सामग्री के स्टॉल का आयोजन छात्राओं के मेले के रूप में किया गया।

6 शासकीय महाविद्यालय, बड़नगर

महाविद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई का कार्य किया गया। रासेयो छात्रों को रासेयो के उद्देश्य एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। जवाहर लाल नेहरू की जयन्ती के अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जैन समाज के द्वारा निःशुल्क नेत्र-शिविर में रासेयो छात्रों का सहयोग। स्नेह-सम्मेलन का आयोजन आदि कार्य किये गये।

7 शासकीय महाविद्यालय, खरगोन

रासेयो छात्रों द्वारा दृष्टिहीन ध्वज-दिवस पर अन्धों की सहायता। नगर में भ्रमण कर नागरिकों से 265 रुपये एकत्रित कर नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइण्ड, म. प्र. शाखा, इन्दौर को भेजे गये। साक्षरता कार्यक्रम में 120 प्रौढ़ों को रासेयो छात्रों ने साक्षर बनाया। दिसम्बर '87 में झुग्गी-झोपड़ी में लगी आग को छात्रों ने स्वप्रेरणा से बुझाया तथा लोगों की जान-माल की रक्षा कर उल्लेखनीय कार्य किया। इस हेतु गणतंत्र-दिवस पर उद्योग मंत्री ने छात्रों को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया।

8 **शासकीय कन्या महाविद्यालय, खरगोन**

नगर से दूर नन्दनवन में 80 छात्राओं ने वृक्षारोपण आयोजित कर 170 पौधे लगाये। लायन्स क्लब के सौजन्य से आयोजित नेत्र शिविर में 45 छात्रों ने सहयोग प्रदान किया।

9 **शासकीय महाविद्यालय, बड़वानी**

41 छात्र-छात्राओं ने कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत 50 प्रौढ़ों को पढ़ाया। पर्यावरण सुधार हेतु छात्रों ने चिकित्सालय प्रांगण में रोपित छायवन में श्रमदान कर पौधों को सिंचत किया। महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण तथा महाविद्यालय की टूटी दीवारों के समीप ट्रंच खुदाई की गयी। एक नये बगीचे का निर्माण कार्य हाथ में लिया। कमरों में लिखे अश्लील शब्दों की सफाई की। स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगांठ पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

10 **शासकीय महाविद्यालय, सेंधवा**

सेंधवा में स्थित करुणा अस्पताल से बाम्बे-आगरा मार्ग तक 760 फीट लम्बे व 9×6 चौड़े मार्ग में नगरपालिका के सहयोग से प्राप्त ट्रैक्टर-ट्राली द्वारा खुदायी कर मौरम बिछायी गयी। 15 छात्रों ने आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान किया।

11 **शासकीय महाविद्यालय, रतलाम**

छात्रों को दिशा-निर्देश किया गया। वृक्षारोपण किया गया। 20 टाट-पट्टियों का निर्माण कर प्राथमिक विद्यालयों को प्रदान की गयीं। महाविद्यालय के उपयोग हेतु रासेयो छात्रों ने 125 डस्टरों का निर्माण स्वयं किया। यह प्रदेश के लिए एक अनोखी योजना है। महाविद्यालय परिसर में एक किवटल के करीब अमरबेल एवं गाजर-घास काटी गयी।

12 **शासकीय महाविद्यालय, जावरा**

लायन्स क्लब द्वारा आयोजित नेत्र-शिविर में 30 छात्रों ने 10 दिन तक लगातार सहयोग किया। ग्राम तराइयां सरवन में छात्रों ने 6 दिन तक ग्रामीणों के सहयोग से एक खेल-मैदान का निर्माण किया। रासेयो छात्रों ने सूखा-राहत के अन्तर्गत 400 रुपये एकत्रित किये। रासेयो अधिकारी श्री पालीवाल ने नैरोबी में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'रासेयो सामुदायिक शिक्षा' पर लेख पढ़ा।

13 शासकीय पोलीटेकनिक, जावरा

संस्था प्रांगण में वृक्षारोपण के लिए 40 गड्ढे खोदे गये। वृक्षारोपण करके पौधों में काली मिट्टी डालकर उनके संरक्षण हेतु आसपास कटीली झाड़ियाँ लगायी गयीं। खेल-मैदान की सफाई एवं समतलीकरण किया गया। कौमी-एकता सप्ताह का आयोजन किया गया। लायन्स क्लब के तत्वावधान में लगाये गये नेत्र-शिविर में 5 छात्रों ने 7 दिन तक लगातार सेवा की। 25 छात्रों ने ब्लड ग्रुपिंग करवाया एवम् एक छात्र ने 200 सी. सी. रक्तदान किया।

14 शासकीय महाविद्यालय, मन्दसौर

65 छात्रों द्वारा साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया गया। रासेयो छात्रों का रासेयो का प्रशिक्षण एवं दिशा-निर्देश। महाविद्यालय प्रांगण की सफाई एवम् उद्यान के विकास में सहयोग। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बनाया गया स्टेज ठीक किया गया। स्नेह-सम्मेलन में रासेयो छात्रों द्वारा भोजन-व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया गया।

15 शासकीय महाविद्यालय, रामपुरा

सत्र के प्रारम्भ में रासेयो छात्रों का पूर्वाभिमुखीकरण, हस्तलिखित एन. एस. एस. समाचार का प्रकाशन, वनस्पति उद्यान में सफाई कार्य एवं वृक्षारोपण, महाविद्यालय प्रांगण में उद्यान का विकास, सप्ताह में दो बार रासेयो छात्रों द्वारा श्रमदान। लायन्स क्लब रामपुरा द्वारा आयोजित नेत्र-शिविर में रासेयो छात्रों द्वारा सहयोग दिया गया। बुक-बैंक का संचालन तथा अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता-दिवस पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

16 हरकचन्द चौरड़िया महाविद्यालय, भानपुरा

कपड़ा व्यापारी संघ द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र-शिविर में 27 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर 300 मरीजों का नेत्र-परीक्षण करवाया। सत्रारम्भ में छात्रों को दिशा-निर्देश देकर पौधारोपण की विधि समझायी गयी। स्थानीय मिडिल स्कूल में 100 पौधों का रोपण कर क्यारियाँ बनायी एवं पानी पिलाया। नीमथरा, धनकपुरा और रतनपुरा के ग्रामवासियों को वृक्षारोपण का प्रचार-प्रसार एवं पौधों का वितरण किया गया। रेवनी के राजघाट पर छात्रों ने सफाई की एवं स्वतन्त्रता की 40वीं वर्षगाँठ पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

17 शासकीय महाविद्यालय, शाजापुर

महाविद्यालय प्रांगण में वन विभाग के सहयोग से 20 पौधे रोपित किये गये। पुराने पौधो का रख-रखाव एवं सुरक्षा के लिए 5 ट्री गार्ड निर्मित किये गये। दिशा-निर्देश एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें रासेयो के उद्देश्य, संगठन एवं गतिविधियों तथा शासन की विधि विकास की योजनाओं सम्बन्धी जानकारी रासेयो छात्रों को दी गयी। महाविद्यालय के विशाल प्रांगण में स्थित सायकल-स्टैण्ड प्रक्षेत्र की साफ-सफाई की गयी। रासेयो की वार्षिक पत्रिका 'अभियान' के सप्तम अंक का प्रकाशन रासेयो सेल के सहयोग से किया गया।

18 शासकीय महाविद्यालय, गुजालपुर

वृक्षारोपण के लिए दिशा-निर्देश दिया गया। 35 छात्रों ने साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया एवं प्रौढ़ों को साक्षर बनाया। ग्राम सम्पर्क के माध्यम से ग्रामों में अधिक-से-अधिक वृक्ष लगाने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया। महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई एवं मैदान की सफाई की गयी। 50 छात्रों द्वारा हरिजन मोहल्ले में सफाई अभियान, नशाबन्दी आदि विषयों पर हरिजन भाइयों से चर्चा की गयी एवं ग्राम कमाडिया में चूहा-नियन्त्रण कार्यक्रम सम्पन्न किया। कमजोर छात्रों को रासेयो छात्रों द्वारा पढ़ाई में मदद की गयी।

19 शासकीय महाविद्यालय, धार

70 छात्र-छात्राओं ने सघन साक्षरता कार्य में 125 प्रौढ़ों को साक्षर बनाया। स्थानीय देवी मेले में रासेयो छात्रों ने जल-सेवा एवं वालेन्टीयर का कार्य किया। सत्रारम्भ में रासेयो में छात्रों को प्रवेश, वरिष्ठ छात्रों द्वारा दिशा-निर्देश, महाविद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई, जन-विज्ञान कार्यक्रम में रासेयो छात्रों का सहयोग, महाविद्यालय उद्यान की साफ-सफाई, कौमी-एकता कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, नागरिक अधिकार संरक्षण सप्ताह का आयोजन, वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये।

20 शासकीय महाविद्यालय, मनावर

अनन्त चतुर्दशी कार्यक्रम पर रासेयो छात्रों ने नगर पुलिस को सहयोग दिया। कौमी एकता सप्ताह तथा रासेयो दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के स्नेह-सम्मेलन में सहयोग, छात्रों को दिशा-निर्देश आदि कार्य किये गये।

21 शासकीय महाविद्यालय, झाबुआ

आजाद जयन्ती समारोह, ग्राम भाभरा में स्वतन्त्रता दिवस की तैयारी, महाविद्यालय प्रांगण में उद्यान की सफाई, शान्ति-वन की सफाई एवं गड्ढों का निर्माण, दिशा-निर्देश आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। विवेकानन्द जयन्ती पर रासेयो छात्रों द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन। अंधशाला के लिए विभिन्न दानदाताओं से लगभग एक हजार रुपये की राशि एकत्रित की गयी।

22 शासकीय महाविद्यालय, जोबट

56 छात्र-छात्राओं ने मिलकर पर्यावरण सुधार के अन्तर्गत 125 पौधे स्थानीय कृषि एवं बीज विकास निगम में रोपित किये। स्थानीय विद्यालय में 69 पौधे लगाये एवं 25 गड्ढे खोदे गये। 25 छात्रों ने 11 से 13 जनवरी '88 तक महाविद्यालय का सामान पुराने भवन से नये भवन में स्थानान्तर करवाने में उल्लेखनीय कार्य किया।

मुद्रणालय

आलोच्य वर्ष में इस मुद्रणालय ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्राध्ययन-केन्द्रों, विभागों, अनुभागों तथा दोनों महाविद्यालयों के दैनिकोपयोगी कार्यों का मुद्रण-कार्य सम्पन्न किया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न संकायों के प्रविवरण, उपाधि-पत्र, अंकसूचियाँ तथा सारणीपत्रकों का मुद्रण-कार्य भी इस मुद्रणालय द्वारा किया गया। इसी प्रकार शोध-कार्य को प्रोत्साहन देने हेतु प्रकाशित विक्रम शोध पत्रिकाओं का मुद्रण-कार्य भी सम्पन्न किया गया। इस वर्ष मुद्रणालय ने कला संकाय के अन्तर्गत 'मिथक भाग 2' विषय पर एक विशेषांक प्रकाशित किया तथा इसी संकाय के अन्तर्गत 'आविगुरु शंकराचार्य' पर विशेषांक एवं विक्रम मैथेमेटिकल जनल का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त मुद्रणालय ने जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर तथा तकनीकी शिक्षा मण्डल, भोपाल के उपाधि-पत्रों का मुद्रण कार्य भी कुशलतापूर्वक सम्पन्न किया है। इस प्रकार प्रतिवेदनान्तर्गत वर्ष में मुद्रणालय ने 619 कार्यपत्रों का सम्पादन कर रु. 4,60,054–25 की आय अर्जित की, जो अपने आप में एक 'रिकार्ड' है।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मुद्रणालय को मुख्य एवं द्वितीय परीक्षाओं के लिए कोरी उत्तर-पुस्तिकाओं का निर्माण करवाकर उन्हें सम्बन्धित परीक्षा-केन्द्रों तक पहुंचाने का कार्य सौंपा गया था। इस कार्य को भी मुद्रणालय ने दक्षता के साथ सम्पन्न किया।

मुद्रणालय ने 18" × 24" आकार की एक आटोमेटिक सिलेण्डर प्रिंटिंग मशीन क्रय की अनुमति प्रदान की। इस मशीन से विश्वविद्यालय मुद्रणालय की क्षमता में वृद्धि होने की सम्भावना है।

प्रौढ़/सतत शिक्षा एवं विस्तार कार्यक्रम केन्द्र

1 केन्द्र संचालन

(क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा कुल 400 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र आवंटित किये गये। जिनमें से 210 केन्द्र विश्वविद्यालय द्वारा एवं 190 केन्द्र विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 19 महाविद्यालयों द्वारा संचालित किये गये।

(ख) प्रत्येक महाविद्यालय में दस केन्द्रों के प्रारम्भ होने के पूर्व अनुदेशकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई। इसी प्रकार विश्वविद्यालय केन्द्रों के 210 अनुदेशकों की नियुक्ति, संचालक, प्रौढ़ शिक्षा द्वारा की गई।

(ग) विश्वविद्यालय के आसपास के गाँवों और उज्जैन नगर के कुछ इलाकों में महिलाओं के केन्द्र स्थापित कर प्रारम्भ किये गये।

(घ) विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 210 केन्द्रों के लिए 5 पुरुष पर्यवेक्षक एवं 3 महिला पर्यवेक्षकों तथा विभिन्न 19 महाविद्यालयों में 19 पर्यवेक्षकों द्वारा निरीक्षण किया गया।

2 केन्द्रों का मूल्यांकन एवं परीक्षा

वर्ष 1986-87 में विश्वविद्यालय के 3862 एवं महाविद्यालयों के 4087 शिक्षार्थी कुल 7049 शिक्षार्थी साक्षर हुए।

3 सतत शिक्षा

प्रौढ़/सतत शिक्षा एवं विस्तार कार्यक्रम केन्द्र द्वारा संचालित सतत शिक्षा अल्पावधि पाठ्यक्रमों में टी. वी. मरम्मत, आशुलिपि, टंकणकला की परीक्षाएँ आयोजित की गई एवम् उनके परिणाम घोषित किये गये, जिनमें निम्नानुसार शिक्षार्थी उत्तीर्ण रहे—

1	टी. वी. मरम्मत	36
2	टंकण कला	2
3	आशुलिपि	4

उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। उक्त पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को अन्यत्र सेवा प्राप्त होने की सूचना भी है।

4 सम्मेलन, संगोष्ठियां, परिचर्चा, बैठकें

क्रमांक	सम्मेलन का नाम	स्थान	दिनांक
1	जनसंख्या शिक्षा कर्मशाला	जबलपुर	17 से 18 सितम्बर, 87
2	जनसंख्या शिक्षा क्लब के अन्तर्गत प्रतियोगिताएँ	उज्जैन	5 से 7 जनवरी, 88
3	अनुदेशक/ पर्यवेक्षक प्रशिक्षण	उज्जैन	5 से 12 मार्च, 88

4 (1) जनसंख्या शिक्षा संसाधन केन्द्र

यू. एन. एफ. पी. ए. के जनसंख्या शिक्षा संस्थान केन्द्र की ओर से रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में जनसंख्या शिक्षा प्रशिक्षण कर्मशाला का आयोजन इस केन्द्र द्वारा दिनांक 17-9-87 एवं 18-9-87 तक आयोजित की गई। उक्त कर्मशाला का उद्घाटन डॉ. एच. पी. दिक्षीत, कुलपति, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा किया गया।

इस कर्मशाला में संचालक, प्रौढ़/सतत शिक्षा एवं विस्तार कार्यक्रम केन्द्र, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के अतिरिक्त और भी कई विशिष्ट व्यक्तियों ने भाग लिया।

4 (2) जनसंख्या शिक्षा क्लब के अन्तर्गत प्रतियोगिताएँ

विक्रम विश्वविद्यालय, प्रौढ़/सतत शिक्षा एवं विस्तार कार्यक्रम केन्द्र में जनसंख्या शिक्षा क्लब के अन्तर्गत दिनांक 5 से 7 जनवरी, 88 तक विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। पुरस्कृत प्रतियोगियों के नाम इस प्रकार हैं—

प्रतिस्पर्धा का नाम	पुरस्कृत महाविद्यालय/छात्र का नाम	स्थान
1 समूह गान	माधव महाविद्यालय, उज्जैन	प्रथम (शील्ड)
	शासकीय महाविद्यालय, मन्दसौर	द्वितीय
	शासकीय महाविद्यालय, झाबुआ	तृतीय
2 एकांकी प्रदर्शन	ज्ञान मंदिर महाविद्यालय, नीमच	प्रथम
	शासकीय महाविद्यालय, मन्दसौर	द्वितीय
	शासकीय महाविद्यालय, झाबुआ	तृतीय

प्रतिस्पर्धा का नाम	पुरस्कृत महाविद्यालय/छात्र का नाम	स्थान
3 एकांकी अभिनय		
कु. इन्दिरा भाटी	कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन	प्रथम
श्री सूरज शर्मा	शासकीय महाविद्यालय, मन्दसौर	द्वितीय
कु. सविता सिंहल	ज्ञानमन्दिर महाविद्यालय, नीमच	तृतीय
4 तात्कालिक भाषण		
कु. नीता डेविड	अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, उज्जैन	प्रथम
श्री मनोज शर्मा	शासकीय महाविद्यालय, धार	द्वितीय
कु. कमलेश उपाध्याय	ज्ञान मन्दिर महाविद्यालय, नीमच	तृतीय
कु. विद्या ठाकुर	शासकीय महाविद्यालय, शुजालपुर	तृतीय
5 निबन्ध लेखन		
श्री प्रीतम भटनागर	शासकीय महाविद्यालय, आगर	प्रथम
श्री धर्मेन्द्र यादव	अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, उज्जैन	द्वितीय
कु. अचला पालीवाल	शा. कन्या महाविद्यालय, खरगोन	तृतीय
कु. बेला जैन	शा. कालिदास कन्या महा., उज्जैन	तृतीय
6 काव्य पाठ		
कु. नीता डेविड	अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, उज्जैन	प्रथम
कु. आशा चौहान	शासकीय महाविद्यालय, आगर	द्वितीय
कु. कमलेश उपाध्याय	ज्ञान मन्दिर महाविद्यालय, नीमच	तृतीय
7 कहानी लेखन		
श्री सुनीलकुमार देवड़ा	जयजवाव महाविद्यालय, तराना	प्रथम
कु. राधा शर्मा	शासकीय महाविद्यालय, धार	द्वितीय
कु. अनामिका कामड़े	शासकीय महाविद्यालय, आगर	तृतीय
8 एकांकी लेखन		
श्री विवेक अग्रवाल	शासकीय महाविद्यालय, मन्दसौर	प्रथम
श्री सुनीलकुमार देवड़ा	जयजवान महाविद्यालय, तराना	द्वितीय
श्री विवेक किल्लेदार	माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन	तृतीय
श्री प्रीतमकुमार भटनागर	शासकीय महाविद्यालय, आगर	तृतीय

प्रतिस्पर्धा का नाम	पुरस्कृत महाविद्यालय/छात्र का नाम	स्थान
9 कविता लेखन		
कु. सपना जैन	शा. नवीन स्नातकोत्तर महा. शुजालपुर	प्रथम
श्री विवेक अग्रवाल	शासकीय महाविद्यालय, मन्दसौर	द्वितीय
श्री सतीश कुशवाह	शासकीय महाविद्यालय, खरगोन	तृतीय
10 पोस्टर प्रतियोगिता		
श्री सुनील रायजादा	शासकीय महाविद्यालय, मन्दसौर	प्रथम
कु. चेतना झाँझरी	कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन	द्वितीय
कु. रचना सोनी	शासकीय महाविद्यालय, अलीराजपुर	तृतीय

4 (3) **अनुदेशक/पर्यवेक्षक प्रशिक्षण**

विक्रम विश्वविद्यालय प्रौढ़/सतत शिक्षा एवं विस्तार कार्यक्रम केन्द्र द्वारा संचालित 210 केन्द्रों के पर्यवेक्षकों एवम् अनुदेशकों का प्रशिक्षण दिनांक 5 से 12 मार्च, 1988 तक आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का कार्य दो सत्रों में प्रतिदिन हुआ

1 पुरुषों के लिए अपराह्न 12 से 2 बजे तक।

2 महिला अनुदेशकों को संध्या 3 से 5 बजे तक।

उक्त प्रशिक्षण में अनुदेशकों को किस प्रकार पढ़ाया जावे, उनमें किस प्रकार कार्यात्मक एवं जागरुकता उत्पन्न की जावे साथ ही बच्चों की देख रेख एवम् आसपास का वातावरण किस प्रकार स्वच्छ रखा जावे, रोजगार किस प्रकार प्रारम्भ किया जावे आदि के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया

5 **नियोजन मंच**

इसके अन्तर्गत आठ महाविद्यालयों ने भाग लिया—

1 हरकचन्द चौरड़िया महाविद्यालय, भानपुरा
2 शासकीय महाविद्यालय, ब्यावरा
3 शासकीय महाविद्यालय, बड़वानी
4 शासकीय महाविद्यालय, धार
5 शासकीय महाविद्यालय, रतलाम
6 शासकीय महाविद्यालय, महिदपुर
7 शासकीय महाविद्यालय, शाजापुर
8 जयजवान महाविद्यालय, तराना

6 अनुदान

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रौढ़/सतत शिक्षा कार्यक्रम के लिए 1723217–85 प्राप्त हुआ।

7 विक्रम विश्वविद्यालय क्षेत्र के महाविद्यालयों की सूची, जिसमें प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम एवं जनसंख्या शिक्षा क्लब कार्यरत हैं—

प्रौढ़ शिक्षा के 19 महाविद्यालय

1	शासकीय नेहरू महाविद्यालय, आगर मालवा	श्री के. व्ही. शर्मा
2	शासकीय महाविद्यालय, खरगोन	प्रो. पी. सी. दुबे
3	भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय, जावरा	श्री एस. सी. मण्डलोई
4	शासकीय महाविद्यालय, झाबुआ	डॉ. के पी. ठाकुर
5	जयजवान महाविद्यालय, तराना	श्री बी. एल. शर्मा
6	शासकीय महाविद्यालय, धार	श्री सुरेन्द्र यादव
7	शासकीय महाविद्यालय, नीमच	श्री ए. एल. शर्मा
8	ज्ञान मन्दिर महाविद्यालय, नीमच	श्री अमरसिंह कॉलेज
9	ह. चौ. महाविद्यालय, भानपुरा	श्री नारायण जोशी
10	शासकीय महाविद्यालय, मन्दसौर	श्री बी. के. जैन
11	शासकीय महाविद्यालय, महिदपुर	डॉ. भुवनेश मिश्र
12	शासकीय महाविद्यालय, रतलाम	डॉ. एस. एस. कवीश्वर
13	बा. श. न. शा. महाविद्यालय, शाजापुर	डॉ. डी सी. पाटीदार
14	ज. ने स्मृति महाविद्यालय, शुजालपुर	श्री जे. सी. श्रीवास्तव
15	शासकीय महाविद्यालय, सेंधवा	श्री जे. के महाजन
16	माधव महाविद्यालय, उज्जैन	डॉ. हरीश प्रधान
17	माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन	श्री एस. एन. जोशी
18	कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन	श्री पी. के. गायल
19	शासकीय महाविद्यालय, अलीराजपुर	श्री बी. डी. श्रीवास्तव

जनसंख्या शिक्षा के 25 महाविद्यालय

1	शासकीय नेहरू महाविद्यालय, आगर मालवा	श्री के. व्ही. शर्मा
2	शासकीय महाविद्यालय, खरगोन	प्रो. पी. सी. दुबे
3	भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय, जावरा	श्री एस सी मण्डलोई
4	शासकीय महाविद्यालय, झाबुआ	डॉ. के पी. ठाकुर
5	जयजवान महाविद्यालय, तराना	श्री बी. एल. शर्मा
6	शासकीय महाविद्यालय, धार	श्री सुरेन्द्र यादव

7	शासकीय महाविद्यालय, नीमच	श्री ए. एल. शर्मा
8	ज्ञान मन्दिर महाविद्यालय, नीमच	श्री अमरसिंह काठेड़
9	ह. ची. महाविद्यालय, भानपुरा	श्री नारायण जोशी
10	शासकीय महाविद्यालय, मन्दसौर	श्री वी. के. जैन
11	शासकीय महाविद्यालय, महिदपुर	डॉ. भुवनेश मिश्र
12	शासकीय महाविद्यालय, रतलाम	डॉ. एस. एस. कविश्वर
13	वा. श. न. गो. महाविद्यालय, शाजापुर	डॉ. डी. सी. पाटीदार
14	ज. ने. स्मृति महाविद्यालय, शुजालपुर	श्री जे. सी. श्रीवास्तव
15	शासकीय महाविद्यालय, सेंधवा	श्री जे. के. महाजन
16	माधव महाविद्यालय, उज्जैन	डॉ. हरीश प्रधान
17	माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन	श्री एस. एन. जोशी
18	कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन	श्री पी. के. गोयल
19	शासकीय महाविद्यालय, अलिराजपुर	श्री बी डी. श्रीवास्तव
20	शासकीय महाविद्यालय, बड़वाह	श्री एम. एस. डोंगरे
21	शासकीय महाविद्यालय, खाचरौद	श्री के. के. राय
22	शासकीय महाविद्यालय, राजगढ़	श्री जी. सी पुरोहित
23	शासकीय महाविद्यालय, बड़नगर	श्री सुरेन्द्रकुमार रा. देव
24	शासकीय महाविद्यालय, बड़वानी	श्री आर. एन. काम्हेरे
25	शासकीय कन्या महाविद्यालय, उज्जैन	कु. वनमाला पागनीस

सिंधिया प्राच्य संस्थान

यह संस्थान विजयादशमी, 20 अक्टूबर, 1931 को भूतपूर्व ग्वालियर राज्य द्वारा स्थापित किया गया था। सन् 1960 में मध्यप्रदेश शासन द्वारा विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन को हस्तान्तरित कर दिया गया। स्थापना-दिवस से आज तक संस्थान साहित्यिक-जगत की सेवा कर रहा है। इसमें विभिन्न भाषाओं तथा लिपियों के हस्तलिखित, मुद्रित एवं दुर्लभ ग्रन्थों का संग्रह है। इसमें विशेषकर शारदा, मैथिली गुप्त-ब्राह्मी, मोड़ी, देव-नागरी आदि विभिन्न लिपियों में तथा भूर्जपत्र, ताड़पत्र तथा कागज पर लिखित ग्रन्थ संग्रहीत है।

संस्थान में हस्तलिखित ग्रन्थों की संख्या 18122 तथा मुद्रित पुस्तकों की संख्या 13547 हैं। संस्थान में माइक्रोफिल्म मशीन स्थापित हो गई है, जिसमें हस्तलिखित ग्रन्थों तथा दुर्लभ मुद्रित पुस्तकों की माइक्रोफिल्म कापी तैयार करने में और माइक्रोफिल्म का अध्ययन करने में बहुत सुविधा हो गई है।

आलोच्य वर्ष में संस्थान के प्रकाशन योग्य हस्तलिखित ग्रन्थों की प्रेस कॉपी तैयार करने का कार्य प्रगति पर रहा।

संस्थान के मानसेवी निदेशक पद पर संस्कृत अध्ययनशाला, विक्रमा विश्वविद्यालय, उज्जैन के विभागाध्यक्ष, आचार्य श्रीनिवास रथ हैं, जिनके मार्गदर्शन में संस्थान का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

विकास योजनाएं

1 सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985–1990)

विश्वविद्यालय के लिये रुपये 100 लाख की सीमा के अधीन सातवीं योजना (1985–90) प्रस्तावों पर विचार करने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली ने दिनांक 21-1-87 को आयोग कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। तदनुसार आयोग ने अपनी बैठक दि. 27-2-87 में निम्नानुसार सातवीं योजना स्वीकृत की है जिसकी सूचना आयोग के पत्र क्रमांक एफ–19–6/87 (बी-1) दिनांक 4 जुलाई, 1987 द्वारा प्रसारित की गई—

	(रुपये लाख में)
(क) पूर्व योजनाओं को पूर्ण करने हेतु राशि	
1 भवन	20.50
2 शैक्षणिक एवम् तकनीकी पद के वेतन आदि	19.35
3 अन्य योजनाएँ	2.06
	41.91
(ख) योजना के 30 प्रतिशत आधार पर सातवीं योजना मे आधार भूत अनुदान	
1 पुस्तकें एवं पत्रिकाएँ	7.00
2 उपकरण	14.00
